Annex. 12

हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय श्रीनगर गढ़वाल–246174 (उत्तराखण्ड)
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
Hemwati Nandan Bahuguna Garhwal University, Srinagar (Garhwal), Uttarakhand – 246174
(A Central University)

Telephone (01346) – 252143
Fax (01346) – 250094

Ref HNBGU/Exam/2016 2403 Date 17/10/2016

सेवा में
प्राचार्य / निदेशक
समस्त संघटक / सम्बद्ध महाविद्यालय / संस्थान
परिक्षेत्र गढ़वाल विश्वविद्यालय, श्रीनगर गढ़वाल ।

महोदय / महोदया,

विश्वविद्यालय द्वारा वर्ष 2016–17 में सी0बी0सी0एस0 के अनुरूप परीक्षा कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है जिसमें परीक्षा आवेदन पत्र online अक्टूबर 2016 में भरे जाने का निर्णय लिया गया है तथा यह भी तय हुआ है कि परीक्षा आवेदन के साथ छात्र को अपना आधार कार्ड नम्बर भी online form में भरना होगा, तभी छात्र का प्रवेश पत्र / अंकतालिका एवं जांच पत्र जारी हो पायेगा ।

अतः ऐसे सभी छात्रों को जिनके आधार कार्ड नही है उन्हें आधार कार्ड अति शीघ्र बनाने के निर्देश देंने की कृपा करें ।

भवदीय,

कुलसचिव

कार्यालय, प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय तलवाड़ी–थराली, जिला–चमोली (उत्तराखण्ड) 246482
Phone&Fax :01363-277843 E-mail : gdctalwari@yahoo.com

पत्रांकः 48 / मान्यता / प्रवेश / परीक्षा / 2018–19 दिनॉकः 19.05.2018

सेवा में,

कुलसचिव
श्री देव सुमन उत्तराखण्ड
विश्वविद्यालय, बादशाहीथौल
टिहरी गढ़वाल

विषयः **सत्र 2018–19 से श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय से मान्यता / प्रवेश / परीक्षा संबंधी कार्यवाही के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्रांक 548 / 2017–18, दिनांक 08.05.2018 के सन्दर्भ में सत्र 2018–19 से इस महाविद्यालय की मान्यता / प्रवेश / परीक्षा से मॉगी गई सूचना निम्नवत् है–

1. महाविद्यालय की अन्तिम मान्यता का पत्रः–
   (क) स्नातक स्तर पर कला / विज्ञान संकाय में स्थाई सम्बद्वता (छायाप्रति संलग्न)।
   (ख) स्नातकोत्तर स्तर पर कला संकाय में हिन्दी व राजनीति विज्ञान विषय में अस्थाई सम्बद्वता (छायाप्रति संलग्न)।
2. महाविद्यालय में संचालित समस्त पाठ्यक्रमों का विवरण एवं कुल सीटों की संख्याः–

क्र0 सं0	संकाय	विषय	सीटों की संख्या
1	स्नातक स्तर (कला संकाय)	हिन्दी	80
2		संस्कृत	60
3		अंग्रेजी	60
4		समाजशास्त्र	60
5		इतिहास	60
6		राजनीति विज्ञान	80
7	स्नातक स्तर (विज्ञान संकाय)	वनस्पति विज्ञान	40
8		जन्तु विज्ञान	40
9		रसायन विज्ञान	60
10		गणित	20
11		भौतिक विज्ञान	20
12	स्नातकोत्तर स्तर (कला संकाय)	हिन्दी	60
13		राजनीति विज्ञान	60

कृपया उपरोक्तानुसार अवगत होते हुए आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

नोटः– शासनादेश संख्या 649 / XXIV(7) / 8(घो0) / 2016 शिक्षा अनुभाग–7 (उच्च शिक्षा) देहरादून, दिनांक 21 दिसम्बर, 2016 एवं निदेशालय के पत्रांक डिग्री प्लान / सम्बद्वता / 15742–53 / 2016–17, दिनांक 31 जनवरी, 2017 के अनुपालन में राजकीय महाविद्यालय तलवाड़ी को स्नातक स्तर पर कला संकाय के अन्तर्गत विषय अर्थशास्त्र में अस्थाई सम्बद्वता प्राप्त हुई है, तत्पश्चात महाविद्यालय द्वारा हे0न0ब0ग0वि0वि0 श्रीनगर गढ़वाल से उक्त विषय हेतु पैनल निरीक्षण के लिए आवेदन किया गया, किन्तु संयुक्त कुलसचिव हे0न0ब0ग0वि0वि0 श्रीनगर के पत्रांक –मान्यता / 6408 / दिनांक 01.06.2017 के माध्यम से अवगत कराया गया है कि विश्वविद्यालय द्वारा सत्र 2017–18 से नये विषयों की सम्बद्वता एवं सीट हेतु वृद्वि नही दी जायेगी। अतः उक्त विषय में पैनल निरीक्षण एवं सम्बद्वता हेतु उचित कार्यवाही अपेक्षित।

संलग्नः साफ्ट कापी।

भवदीय

डॉ0(एन0एस0बनकोटी)
प्राचार्य

o/c

श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय
बादशाहीथौल (टिहरी गढ़वाल) - 249199
Sri Dev Suman Uttrakhand University
Badshahithaul (Tehri Garhwal) – 249199

Ref. No.: 548 /2017-18 Dated : 08-05-2018

सेवा में,

प्राचार्य,
राजकीय ~~स्नातकोत्तर~~/महाविद्यालय,
राजकीय महाविद्यालय तलवाड़ी जनपद चमोली

विषयः– सत्र 2018–19 से श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय से मान्यता/प्रवेश/परीक्षा सम्बन्धी कार्यवाही किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

उपरोक्त विषयक के क्रम में सूचित करना है कि शासनादेश संख्या–02/XXIV(7)/2017 दिनांक 10 अगस्त, 2017 द्वारा "वर्तमान में हे0नं0ब0गढ़वाल(केन्द्रीय) विश्वविद्यालय, श्रीनगर से सम्बद्ध राजकीय महाविद्यालयों उक्त विश्वविद्यालय की सम्बद्धता छोड़कर श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय से नियमानुसार सम्बद्धता प्राप्त करने के निर्देश प्रदान किये गये हैं, के अनुपालन में सत्र 2018–19 से सम्बन्धित महाविद्यालय की मान्यता/प्रवेश/परीक्षा इत्यादि की कार्यवाही इस विश्वविद्यालय से सुनिश्चित की जानी है। इस सम्बन्ध में विश्वविद्यालय आपसे निम्न बिन्दुओं पर सूचनायें उपलब्ध कराने हेतु अनुरोध कर रहा है:–

1. महाविद्यालय की अन्तिम मान्यता का पत्र।
2. महाविद्यालय में संचालित समस्त पाठ्यक्रमों का विवरण एवं कुल सीटों की संख्या।

अतएव अनुरोध है कि कृपया उक्तानुसार सूचनायें संकलित कर हार्ड एवं साफ्टकापी (Kruti Dev010 font & Microsoft Office Word Document) में विश्वविद्यालय को अविलम्ब उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

(दिनेश चन्द्रा),
प्रभारी कुलसचिव।

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।
2. निदेशक, उच्च शिक्षा निदेशालय, हल्द्वानी, नैनीताल।
3. निजी सचिव, मा0 कुलपति।

(दिनेश चन्द्रा),
प्रभारी कुलसचिव।

प्रशासनाधिकारी
परीक्षा प्रभारी